卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 81 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦28 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES

CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE

✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land

REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE

MO.-8630672525,8279444462

ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## पेट्रोल पम्प स्वामी को गोलियों से भूना

### तीन बदमाशों ने देर रात घर में घुसकर दिया सनसनीखेज वारदात को अंजाम





रुड़की(उद संवाददाता)। गंगनहर क्षेत्र में देर रात तीन बदमाशों ने पेट्रोल पंप के स्वामी की घर में गोलियां मारकर हत्या कर दी।कारोबारी की हत्या से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला रोड निवासी 40 वर्षीय जोगेंद्र का पनियाला रोड पर एसआर पेट्रोल पंप है। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करते थे। पनियाला रोड पर घर में ही उनका ऑफिस है। बुधवार की रात वह अपने घर में बने ऑफिस में बैठे हुए कुछ काम कर रहे थे। इस दौरान घर की चाहरदीवारी फांदकर तीन युवक अंदर दाखिल हुए और सीधे उनके दफ्तर में जा घुसे। इससे पहले की वह कुछ समझ पाते युवकों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। इसके बाद तीनों दीवार कूदकर फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर परिजन वहां पर पहुंचे तो जोगेंद्र खून से लथपथ जमीन पर पड़े थे। वारदात के समय जोगेंद्र का बेटा और भतीजा आस पास ही खड़े थे। भतीजे की एक अंगुली में भी छर्रा लगा है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। साथ ही उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, सूचना मिलते ही एसपी देहात एसके सिंह और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल भी मौके पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसएसपी ने बताया कि गर्दन, छाती और पेट में पांच गोलियां लगी हैं। मृतक जोगेंद्र पार्षद गीता चौधरी के पति मांगेराम (शेष पृष्ठ सात पर)

## गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर दी जान

### मृतका के मायके वालों ने काटा हंगामा

बाजपुर (उद संवाददाता)। दोराहा अंतर्गत गांव हरलालपुर में गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर मृतका के मायके वालों ने घर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने घटना की वजह पति-पत्नी के विवाद बताया है। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात गांव हरलालपुर निवासी अनोखे लाल की 30 वर्षीय पत्नी पिंकी कमरे के अंदर पंखे के कुंडे में लटकी मिली। महिला ने रस्सी से फंदा लगाया था। महिला सात माह की गर्भवती बताई गई है। सूचना पर दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी देवेन्द्र राजपूत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी स्थित मोर्चरी में रखवाया दिया। बृहस्पतिवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से मौत के कारण की पुष्टि होगी। वहीं ग्रामीणों के मुताबिक पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

## सीएम ने कैम्प कार्यालय में सुनी जनता की फरियाद

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जनपद ऊधमसिंह नगर स्थित लोहियाहेड







कैम्प कार्यालय में क्षेत्र की जनता से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवम संतुष्टि के आधार पर हल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आमजन की परेशानियों को दूर कराने के प्रति गंभीर है और आमजन की समस्याओं का निराकरण करना उनकी सर्वोच्च पप्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओ के समयबद्ध तरीके से निराकरण करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं। हमारी पूरी कोशिश है कि लोगों को अपने काम के लिये अनावश्यक रूप से यहां न आना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों की समस्याओं का निदान ग्राम स्तर पर ही हो जाए, इसकी व्यवस्था की जा रही है और रात्रि चौपाल का आयोजन इसी दिशा में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान तेजी से हो इसके लिए जिलाधिकारियों को नियमित रूप से जन समस्याओं को सुनने के निर्देश दिये गये हैं। सीएम ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान में भड़की आग,युवक की मौत



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। देर रात एक दुकान में भीषण आग लग लगने से एक युवक की झुलस कर दर्दनाक मौत हो गई है। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुँच कर आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जानकारी के मुताबिक हिम्मतपुर मल्ला स्थित एक दुकान में देर रात अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले 21 वर्षीय गौरव की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर दमकल विभाग टीम मोके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल ने आग पर काबू पा लिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अग्निकाण्ड से दुकान में रखा लाखों का माल जलकर राख हो गया।

## फर्जी डिप्लोमा देने वाला संचालक गिरफ्तार

### 58 यूटीएस छात्राओं को पैरामेडिकल कोर्स का दिया था डिप्लोमा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पैरामेडिकल कोर्स के फर्जी डिप्लोमा देने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि विगत 11 अक्टूबर को वादी हिमाशु नेगी पुत्र गोपाल सिंह नेगी निवासी मुखानी हल्द्वानी ने डीपी एमआई गोदाम के एमडी एमएच प्रकाश सिंह महरा, प्रधानाधार्य डॉ. पल्लवी नेहरा, तनुजा मोला (रिजिस्ट) पर राज्य में पंजीकरण के सम्बन्ध में लाखों रुपये हड़प लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने सम्बन्धित पुलिस प्रभारी अधिकारियों को मामले का खुलासा करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी करने निर्देश दिये। अभियोग की विवेचना उनि मनोज कुमार को दी गयी। विवेचना के दौरान एमडी एमएच काठगोदाम के संचालक आरोपी द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा वर्ष 2018 में डीपी एमआई दिल्ली की फैचाईजी ली गयी और पूर्वी (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रक से भिड़ा डंपर,एक घायल

किच्छा(उद संवाददाता)। साल अंतिम माह के अंतिम दिनों में कोहरे ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रात्रि दो बजे के आसपास कोहरे के कारण एक डंपर और ट्रक की भिड़ंत हो गयी। जिसमें डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे



अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार रात्रि लालपुर में रुद्रपुर से डंपर संख्या यूके 06सीबी 9358 किच्छा की ओर आ रहा था डंपर के आगे ट्रक संख्या पीबी02सीआर 9603 भी किच्छा की ओर आ रहा था। कोहरे के कारण डंपर चालक आगे चल रहे ट्रक से जा टकराया और दुर्घटना ग्रस्त हो गया। डंपर चालक जलीश निवासी डोंगरी गदरपुर केविन में ही फंस गया जिसे काफी मुश्किल से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चालक को एनएच की एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया।

## चोरों ने कनफैक्शनरी से उड़ाई हजारों की नगदी



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। शहर में लगातार हो रही चोरियों की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही। अज्ञात चोरों ने व्यापारी की दुकान पर गल्ले में रखी 32 हजार रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पीड़ित दुकान स्वामी की तहरीर पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 7 निवासी दीपक गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता की वार्ड नंबर 6 खटीमा मार्ग पर उत्तम दूध डेयरी एंड कन्फेक्शनरी की दुकान है। रात्रि अज्ञात चोरों ने छत से नीचे सीड़ीओ (शेष पृष्ठ सात पर)


**श्रद्धांजलि सभा/रस्म पगड़ी**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे रूद्रपुर के युवा व्यापारी पी.जी.कॉपी बॉक्स के मालिक व वरिष्ठ समाजसेवी **श्री अजय सक्सेना जी** का स्वर्गवास 17 दिसंबर 2023 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए **श्रद्धांजलि सभा/ रस्म पगड़ी दिनांक 29 दिसंबर 2023 को** हमारे निवास स्थान- **बी-10, वसुंधरा गुरूबक्श ग्रीन्स, निकट कृष्णा अस्पताल, जेपीएस स्कूल गंगापुर रोड, रूद्रपुर** पर रखी गयी है।

शांति पाठः- प्रातः 11 बजे
ब्रहमभोजः- दोपहर 1 बजे, रस्म पगड़ीः- अपरान्ह 3 बजे

**शोकाकुल परिवार**

**अमिता सक्सेना ( पत्नी )**
**प्रधानाचार्या आर्य कन्या इंटर कालेज, रूद्रपुर व समस्त परिवार**
**मो. 7454864459, 9837904776**

# अब बागेश्वर में आयोजित होगी उत्तराखंड मूल निवास स्वाभिमान महारैली : डिमरी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड मूल निवास स्वाभिमान महारैली को देहरादून में मिले अपार समर्थन के बाद अब बागेश्वर में उत्तरायणी कौथिग के दिन 15 जनवरी को राज्यभर से हजारों लोग जुटेंगे। कचहरी स्थित शहीद स्मारक में हुई मूल निवास और भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में हल्द्वानी में भी मूल निवास स्वाभिमान महारैली निकाली जाएगी। मूल निवास और भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति ने अपने आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की। समिति ने बताया, बहुत जल्द प्रदेशभर में व्यापक जन जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने बताया, प्रदेश में मूल निवास की सीमा 1950 और सशक्त भू-कानून लागू करने को लेकर चल रहे आंदोलन को प्रदेशभर में ले जाया जाएगा। समिति चरणबद्ध तरीके से कई



कार्यक्रम करेगी, इसके बाद मकर संक्रांति पर समिति के सदस्य प्रदेश के तमाम संगमों और घाटों पर जाकर देव डोलियों का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और लोगों से संवाद करेंगे। इसके बाद उत्तरायणी के दिन बागेश्वर के ऐतिहासिक सरयू बगड़ में होने वाले मेले में हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे। कौथिग (मेले) में बताया जाएगा कि किस तरह से हम अपनी सांस्कृतिक पहचान खो रहे हैं। बताया, अगले माह के अंतिम सप्ताह में हल्द्वानी में रैली करने पर भी सहमति बनी है। मूल निवास और भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि सरकार की ओर से आंदोलन को तोड़ने की साजिश की जा रही है। पूर्व में महारैली के एलान के बाद इस तरह का प्रयास हुआ था। हो सकता है कि अब कोविड का बहाना बनाकर फिर से ऐसा कुछ किया जा सकता है। हम आंदोलन जारी रखेंगे। समिति का मूल निवास और सशक्त भू-कानून के अलावा कोई अन्य उद्देश्य नहीं है।

# नैनीताल व ऊधम सिंह नगर जनपद के 1983 लाभार्थियों को पीएम आवास आवंटित किए

देहादून(उद संवाददता)। शहरी क्षेत्रों के गरीबों को छत मुहैया कराने की दिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बड़ा संबल प्रदान कर रही है। योजना में लाभार्थियों को आवास आवंटन का क्रम निरंतर बना हुआ है। इसी क्रम में आवास विकास परिषद की पांच परियोजनाओं में हरिद्वार, नैनीताल, उधमसिंह नगर जिलों के 1983 लाभार्थियों को बुधवार को आवास एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आवास आवंटित किए। इस अवसर पर उन्होने कहा कि आवास विभाग को राज्य में संचालित 20 आवासीय परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। विधानसभा भवन स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में आवास एवं शहरी विकास मंत्री अग्रवाल ने लाभार्थियों को आवास आवंटन से संबंधित प्रपत्र सौंपकर शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र से स्वीकृति मिलने के बाद आवास विभाग राज्य में 20 परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसके तहत कुल 15960 आवास बनाए जा रहे है। विभिन्न प्राधिकरएों की पांच परियोजनाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 3104 आवासीय इकाइयां प्रस्ताविक है, जबकि आवास विकास परिषद के अंतर्गत 15 परियोजनाओं में 12856 आवसा बनाए जाने है। उन्होंने कहा कि अब तक 464 आवास निर्मित कर मसूरी-देहादून विकास प्राधिकरण लाभार्थियों को उपलब्ध करा चुका है। इसके अलावा आवास विकास परिषद की आवासीय परियोजनाओं में प्रथम चरण में 6463 आवास आंवटित किय गए है। आवास आंवटन के लिए सत्यापन की कार्यवाही चल रही है। आवास आवंटन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए आनलाइन लाटरी के माध्यम सं आवंटन किए जा रहे है। आवास आंवटन के समय वरिष्ट नागरिकों व दिव्यांगजनों को प्राथमिकता देते हुए भूतल में आवास आंवटित, किए जा रहे है। मंत्री ने कहा की महिला सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए आवास आंवटन में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। अन्याथा की स्थिति में महिला व पुरूष को संयुक्त रूप से आवास आवंअित किए जा रहे है। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान (रानीपुर) व दीवान सिंह बिष्ट (रामनगर), अपर आवास आयुक्त प्रकाश चंद्र दुम्का, अधिशासी अभियंता आनंद राम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# राम मंदिर दर्शन का पहला अवसर देवभूमिवासियों का सौभाग्य : महेंद्र भट्ट

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मंदिर का श्रेय लेने को लेकर कांग्रेस पर कसा तंज

देहरादून(उद संवाददाता)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत राम जन्मभूमि मंदिर



दर्शन का सर्वप्रथम अवसर मिलना देव भूमिवासियों का सौभाग्य बताया है। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा है। राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन का पहला अवसर देव भूमिवासियों को मिलने को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सौभाग्य बताया है। इसके साथ ही उन्होंने इसके श्रेय को लेकर राजनीति करने वाले विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राम लला का भव्य और दिव्य मंदिर, अरबों सनातनियों की भावनाओं और बलिदान का परिणाम है। लिहाजा श्रेय की आकांक्षा रखने वाले सुविधावादी हिंदुओं को काशी मथुरा के लिए जारी संघर्ष में आगे आने का साहस करना चाहिए। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर दर्शन को लेकर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद राज्यवार श्रद्धालुओं के दर्शन में सर्वप्रथम मौका उत्तराखंड निवासियों को मिलने वाला है। ये प्रत्येक देवभूमिवासी के लिए सौभाग्यशाली और गौरवमयी अवसर है। उन्होंने श्रेय को लेकर बयानबाजी करने वाले विपक्ष पर तंज किया किया। उन्होंने कहा कि बेशक सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ हो लेकिन इसका असल श्रेय सैकड़ों वर्षों में लाखों सनातनियों के बलिदान और 120 करोड़ हिंदुओं की भावनाओं को जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश गवाह है कांग्रेस समेत तमाम विपक्ष ने मंदिर कारसेवकों का नरसंहार किया। ध्वस्त तथाकथित बाबरी मस्जिद को पुन: बनाने का सार्वजनिक वादा बतौर पीएम नरसिम्हा राव ने किया और पहली किश्त के तौर पर एक साथ तीन राज्यों की भाजपा सरकारें बर्खास्त की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वकील बनकर मंदिर विरोध में अदालत दर अदालत पैरवी करते रहे। इतना ही नहीं इनकी यूपीए की सरकार ने प्रभु राम के अस्तित्व के खिलाफ ही सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया था। कांग्रेस पर स्थानीय अदालत के निर्णय पर राम मंदिर का ताला खोलने और फिर अल्पसंख्यक नाराजगी के डर से ताला बंद कर मंदिर विरोध की नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कटाक्ष किया कि अगर किसी कांग्रेस या विपक्षी नेता को अभी भी श्रेय लेना है तो उन्हें काशी विश्वनाथ, मथुरा कृष्ण जन्मभूमि को लेकर संघर्ष में सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। लेकिन ऐसा होगा नही क्योंकि ये सभी सुविधावादी हिंदू और प्रतिक्रियावादी छद्म धर्मनिरपेक्ष हैं। जनता को बखूबी अहसास है कि कल तक राम जन्मभूमि आंदोलन का मजाक उड़ाने वालों के पास आज भी अल्पसंख्यक वोटों की नाराजगी झेलने का साहस नहीं है।

# सीएम ने निवर्तमान मेयर को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने बुधवार शाम शटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेयर के रूप में रामपाल सिंह के सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए बधाई देते हुए उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामपाल सिंह ने अपनी व्यवहार कुशलता एवं कर्मठता से रूद्रपुर की जनता के बीच अलग पहचान बनायी हैं। उनके कार्यकाल निर्विवाद रहा है। जिसका लाभ पार्टी को आगामी चुनावों में भी मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजनैतिक परिदृश्य और आगामी लोकसभा एवं निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद एवं उनके मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड तेजी से विकास



की उंचाईयों को प्राप्त कर रहा है। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में सरकार निरंतर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार के कार्यो से विपक्ष बेचौन है। उन्होनें कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रदेश की पांचों सीटों पर एक बार फिर परचम लहरायेगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा भी मौजूद रहे।

# साहिबजादों की शहीदी का किया बखान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंद्रा कालोनी गली नंबर पांच स्थित गुरुद्वारा माता गुजरी जी में आज श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहबजादों एवं माता



गुजर कौर की शहादत को समर्पित महान शहीदी समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर तरनतारन से आए ढाडी जत्था भाई गुरप्रताप सिंह सुग्गा, धर्म प्रचार कमेटी श्री अमृतसर से आए कथा वाचक भाई सतवंत सिंह, कीर्तनी जत्था बिलासपुर वाले भाई खजान सिंह, हजूरी कीर्तनी जत्था भाई जीवन जोत सिंह, कथावाचक ज्ञानी हरविंदर सिंह व हजूरी हेड ग्रंथी भाई जीवनजोत सिंह ने चार साहबजादों एवं माता गुजर कौर की शहादत के बारे में विस्तार से बखान किया तथा सभी से सिख धर्म के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। समागम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान दीदार सिंह, मीत प्रधान चरनजीत सिंह, कैशियर राजेंद्र सिंह पिंकी, सेक्रेट्री नथा सिंह, परविंदर सिंह, गुलजार सिंह, जागीर सिंह, बंसीलाल, बलवीर सिंह बेदी, हरजीत सिंह, मंगल सिंह, सतनाम सिंह, हरजीत सिंह खुराना, रणजीत कौर, गुरमीत कौर, अनु गाबा, आशा रानी, जानी कौर सहित सैकड़ों संगत मौजूद थी।

# भुलाया नहीं जा सकती सिल्क्यारा सुरंग हादसे की यादें,अर्नोल्ड डिक्स ने छोड़ी थी अमिट छाप!

## टनल एक्सपर्ट प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स ने अपने ट्विीटर एक्स पर साझा किया वीडियो संदेश
## बाबा बौखनाग मंदिर और ग्रामीणों को लेकर भी की चर्चा, स्पेशल साथी का जताया आभार

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सुरंग में हुए भूधंसाव के बाद देश के विभिन्न राज्यों के 41 मजदूर फंस गये थे। इस हादसे के बाद चलये गया रेस्क्यू ऑपरेशन हर सख्श की यादों में बस गया है। हम सभी बीते साल की खट्टी-मीठी यादों को दिल में बसाकर वर्ष 2024 के स्वागत के लिए तैयार हैं। वर्ष 2023 के सबसे बड़ी घटना का जिक्र किया जाए तो उसमें सिलक्यारा सुरंग के हादसे को भुलाया नहीं जा सकता। क्योंकि, साल के अंतिम समय में जहां एक बड़ी आपदा सामने आई तो उसका सुखद अंत भी देखने को मिला। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की जान बचाने के लिए 17 दिनों तक चला दुनिया का सबसे बड़ा रेस्क्यू अभियान में प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से जुड़े व्यक्तियों के लिए यह कभी न भूलने वाला सबक भी बन गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन सहित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियों के साथ इस रेस्क्यू ऑपरेशन के अभियान में एस्केप टनल (निकासी सुरंग) बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सलाहकार के रूप में बुलाए गए अंडरग्राउंड टनलिंग एक्सपर्ट आस्ट्रेलिया निवासी प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स का योगदान भी सबसे अहम साबित हुआ था। वह न सिर्फ बचाव अभियान से जुड़े, बल्कि उन्होंने उत्तराखंड के सुदूर उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा क्षेत्र की भौगोलिक, धार्मिक और सांस्कृतिक की रीति-नीति के अनुरूप अपने काम को अंजाम दिया। विदेश मूल के होने के बावजूद उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन में अपनी अमिट छाप छोड़ते हुए अभियान को सफलता की मंजिल तक पहुंचाया है। वह लोकल बिलीफ (स्थानीय आस्था) के



अनुरूप ही आगे बढ़ रहे थे। नये वर्ष के आगमन पर उत्तराखंड में अपने अनुभव को साझा करते हुए अंतराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने इस सबसे बड़े अभियान में उनके पीछे और साथ खड़े रहे हर एक व्यक्ति का आभार जताया है। इस आभार को एक वीडियो के रूप में उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर बुधवार को अपलोड किया है। अंडरग्राउंड टनलिंग एक्सपर्ट ऑस्ट्रेलिया निवासी प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स ने सिलक्यारा के ग्रामीण क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि अभियान को सफल बनाने में उन ग्रामीणों की भी उतनी ही भूमिका थी, जितनी कि रेस्क्यू के सीधे मोर्चे पर डटी तमाम विशेषज्ञ एजेंसियों की थी। विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स ने सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए तकनीक के साथ निरंतर लोकल बिलीफ पर भी बल दिया था। स्थानीय आस्था के प्रतीक बाबा बौखनाग के मंदिर में भी अर्नोल्ड डिक्स निरंतर पूजा-अर्चना कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी सिलक्यारा जैसे जटिल मिशन के लिए सभी के प्रयास से किया जा सका, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। वीडियो में टनलिंग एक्सपर्ट उन तमाम विशेषज्ञों का आभार भी व्यक्त कर रहे हैं, जिन्होंने दूर रहकर भी रेस्क्यू को सफल बनाने के लिए निरंतर अपनी सलाह दी। इस कड़ी में वह विभिन्न स्वयंसेवकों के साथ एस्केप टनल के लिए मैनुअल खोदाई करने वाले रैट माइनर्स का धन्यवाद भी कर रहे हैं। साथ ही उनके वीडियो में एक व्यक्ति ट्राली के साथ नजर आ रहा है। जिसके बारे में वह जिक्र करते हैं कि उनका नाम नहीं जानते हैं, लेकिन उनकी ट्राली ने एस्केप टनल की खुदाई के बाद मिट्टी को तत्काल बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। उस शख्स का नाम हम आपको बताते हैं, वह दिल्ली निवासी सुरेंद्र राजपूत हैं। सुरेंद्र राजपूत सिलक्यारा में रेस्क्यू की जटिलता को समझते हुए स्वयं अभियान से जुड़े और स्वयंसेवक के रूप में ट्राली का विकल्प सुझाने के साथ ही इसे उपलब्ध भी करा दिया। इस अहम योगदान के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रैट माइनर्स के साथ सुरेंद्र राजपूत को भी सम्मानित कर चुके हैं।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## नए साल पर प्रदेशभर में 24 घंटे खुलेंगे होटल-रेस्टोरेंट और ढाबे

देहरादून। नए साल पर प्रदेशभर में सभी होटल, रेस्टोरेंट व ढाबे 24 घंटे खुलेंगे। श्रम विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। माना जा रहा है कि पर्यटकों की सुविधा के लिए यह अहम कदम साबित होगा। एक ओर जहां मौसम विभाग ने प्रदेश में कई स्थानों पर बर्फबारी होने का अनुमान जताया है, तो वहीं प्रदेशभर में कई पर्यटन स्थलों, शहरों में पर्यटक नए साल का जश्न मनाने को पहुंचते हैं। चूंकि, सभी होटल, ढाबों के बंद होने का समय तय है। ऐसे में कई पर्यटकों को परेशानी हो सकती है। सचिव श्रम आर मीनाक्षी सुंदरम की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, उत्तराखंड दुकान और स्थापन (रोजगार विनियम एवं सेवा शर्त) अधिनियम 2017 के तहत पर्यटकों की आवाजाही के मद्देनजर सभी होटल, रेस्टोरेंट व ढाबे 24 घंटे खुलेंगे। उन्होंने सभी प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों का दिन व रात्रि पाली में नियमों के हिसाब से काम करने की अनुमति भी दी है। साथ ही सभी प्रतिष्ठानों के मालिकों से आह्वान किया कि वे इस सीजन के दौरान अपने प्रतिष्ठान 24 घंटे खुले रखें।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान (बेसमेंट सहित) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# कोठी वाले ही फैला रहे हैं गिरीताल सरोवर में गंदगी

## पुलिस को दी जाएगी तहरीर, कानून का कसेगा शिकंजा

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रख्यात समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश ने पौराणिक गिरीताल सरोवर की साफ सफाई को लेकर अभियान युद्ध स्तर पर छेड़ दिया है। एक मुलाकात में अनौपचारिक बातचीत के दौरान अधिवक्ता संजीव आकाश ने कहा कि गिरीताल सरोवर हमारी धरोहर होने के साथ ही प्रमुख पर्यटन स्थल है जहां प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में सैलानी दूर दराज से गिरीताल सरोवर घूमने के लिए आते हैं ऐसे में सरोवर के आसपास बेतरतीब ढंग से तमाम स्थानों पर पसरी गंदगी काशीपुर की पहचान पर बदनुमा दाग है। उन्होंने कहा कि गिरीताल सरोवर की साफ सफाई तथा उसके सौंदरीकरण को लेकर पूर्व में कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत कराया गया लेकिन इसके बावजूद आज तक इस ओर कोई सार्थक कदम नहीं उठाई जा सके हैं। उन्होंने तल्ख लहजे में बताया कि सप्ताह के भीतर यदि गिरीताल सरोवर की साफ सफाई करते हुए इसके सौंदरीकरण की प्रक्रिया आरंभ नहीं किया गया तो वह गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर विधिक कार्यवाही की मांग करेंगे। उत्तरांचल दर्पण प्रतिनिधि से विभाग बातचीत करते हुए अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश ने स्पष्ट किया कि गिरीताल सरोवर के आसपास अन्यान्य स्थानों पर जो कूड़े के ढेर पड़े हैं उसे कोई बाहर का व्यक्ति नहीं बल्कि आसपास की कोठी बंगलों में रहने वाले लोग ही डाल रहे हैं। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो ऐसे लोगों की सूरत शिनाख्त करने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरा की फुटेज भी खंगाली जाएगी।





## निजी अस्पताल के मेडिकल वेस्टेज व गंदगी डालने के आरोप

काशीपुर। गिरीताल सरोवर से सटे एक निजी अस्पताल की गंदगी सरोवर में छोड़े जाने की सूचना है। सरोवर के आसपास मेडिकल वेस्टेज भी तमाम स्थानों पर पड़े देखे जा रहे हैं। पूर्व में अधिवक्ता श्रीमती सिंधु आकाश की शिकायत पर अस्पताल के खिलाफ संबंधित विभाग के अधिकारियों ने एक्शन लेते हुए 5000 रुपए का जुर्माना ठोका था बावजूद इसके सूत्र बताते हैं कि आज भी अस्पताल की गंदगी तथा मेडिकल वेस्टेज लगातार सरोवर में डाले जा रहे हैं। गिरीताल मंदिर के सामने निवासी आर्यन नामदेव नामक युवक ने इस बारे में परगना मजिस्ट्रेट को लिखित शिकायती पत्र सौंपा है। एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया गया कि गिरीताल सरोवर के आसपास पसरी गंदगी के कारण पर्यावरण को बड़ा खतरा पैदा हो गया है इसके साथ ही गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता वहीं दूसरी ओर कूड़े कचरे के देर में पड़ी देवी देवताओं की तस्वीरों से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही है।

## जगल से कलेक्ट्रेट परिसर में घुसे हाथी को भगाया

हरिद्वार। हरिद्वार में बुधवार को एक हाथी जंगल से निकलकर कोर्ट और कलेक्ट्रेट परिसर में आ गया। हाथी को वहां देख लोग आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। हाथी ने इस दौरान जमकर उत्पात मचाया। साथ ही एक गेट और दीवार भी तोड़ दी। बाद में लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर फायरिंग की और हाथी को वहां से जंगल में भगाया। उधर, पथरी क्षेत्र के मिस्सरपुर में भी गजराज का जोड़ा एक गली में आ गया। इस दौरान दोनों हाथी कॉलोनी में घूमते हुए वापस जंगल में लौट गए। गनीमत रही कि रात होने के कारण वहां लोगों की आवाजाही नहीं थी, वरना हादसा हो सकता है।



## ग्राम पंचायतों में 4जी सेवा देगा बीएसएनएल

देहरादून। भारत संचार निगम लिमिटेड की ओर से आयोजित टेलिकाम एडवाइजरों कमेटी की कार्यशाला में ग्राम पंचायतों में 4जी सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कहा गया कि बीएसएनएल की ओर से प्रथम चरण में 31 नए टावर लगाए जाएंगे। जिसका लाभ 100 ग्राम पंचायतों के लोगो को मिलेगा। बुधवार को क्रास राड स्थित महाप्रबंधक दूरसंचार कार्यालय में आयोजित टेलीकाम एडवाइजरी कमेटी की कार्यशाला का उद्घाटन राज्यसभा नरेश बंसल ने किया। इस अवसर पर बीएसएनएल के उन महाप्रबंधक पीके शर्मा ने राज्यसभा सांसद को बीएसएनएल के कामकाज से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 262 टूजी एवं 3जी बीटीएस को 4जी सेवा में उच्चीकृत करने का निर्णय लिया गया है।

## डा. चयनिका उत्तराखंड कांग्रेस की मीडिया समन्वयक नियुक्त

देहादून। कांग्रेस नेतृत्व ने लोकसभा चुनाव में प्रदेश इकाइयो के साथ समन्वय स्थापित करने के लिये मीडिया समन्वयकों की तैनाती की है। उत्तराखंड के लिए यह दायित्व डा. चयनिकाउनियाल को दिया गया है। आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया व पब्लिसिटी कम्यूनिकेशंस डिपार्टमेन्द के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने बुधवार को प्रदेश मीडिया समन्वयकों की सूची जारी की । डा. चयनिका उनियाल राजस्थान की निवासी है।

## राजनीतिक प्रतिष्ठा धूमिल करने का किया जा रहा प्रयास: शर्मा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को राजनीतिक प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास करार दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोची समझी साजिश के तहत उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें न्याय पालिका पर पूरा भरोसा है सच्चाई की जीत होगी। मीडिया को जारी बयान में प्रदेश मंत्री ने कहा कि शैलजा फार्म में पेड़ काटने के प्रकरण से उनका कोई लेना देना नहीं है। उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए कुछ लोगों उन्हें साजिशन इस मामले में घसीटा है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने आरोप लगाये हैं वह खुद नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जेदार है। उक्त भूमि नगर निगम की है, लेकिन आरोप लगाने वाला व्यक्ति खुद को उक्त भूमि का मालिक बताकर माननीय न्यायालय को भी गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश मंत्री ने कहा कि इस मामले में वह किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं। माननीय न्यायालय के आदेश का वह सम्मान करते हैं, पुलिस को जांच में पूरा सहयोग किया जायेगा। उन्हें न्याय पालिका पर भरोसा है। जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा।



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर शुरू

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर छात्राओं ने तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नगर के बरेली मार्ग स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले आयोजित सात दिवसीय शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची महिला मंगल दल की अध्यक्ष श्रीमती हंसी बिष्ट एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंपार्ट संस्था प्रमुख डॉ इंदिरा मिश्रा, जीजीआईसी की पूर्व शिक्षिका डॉ कमलेश मिश्रा, एसएमसी अध्यक्ष शिखा चौधरी, पीटीए अध्यक्ष सलमा अंसारी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता यादव ने की। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विद्यालय की छात्राओं ने कुमाऊनी, गढ़वाली, पंजाबी, बंगाली एवं हरियाणवी गीतों पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं ने प्रतिभागियों का जोरदार ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुनीता यादव ने वीर बाल दिवस के बारे में जानकारी देते हुए गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पुत्र फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह के बलिदान के बारे में विस्तार से बताकर छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तमाम जुल्म होने के बावजूद बालवीर फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह ने देश एवं धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका डॉ वीणा पाठक ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सक्सेना ने बताया कि सात दिवसीय आयोजित शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी छात्राओं द्वारा रैली एवं जन जागरूकता के माध्यम से जनता को स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ सहित अन्य बिंदुओं पर जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में नीलिमा शर्मा, कल्पना पाठक, राबिया बेगम, रीता पनेरु, कविता, डॉ मंजू लता, सुनीता राम सिंह, अनु गोस्वामी, ममता हरबोला, वैशाली जोशी के अलावा एनएसएस टीम की पायल, नेहा, फिजा, बुशरा बी, जसप्रीत कौर, कोमल, तान्या, संगीता, इलिमा, बुशरा नाज, मंतशा, इरम, प्रीति, नीतिका, मोनिका, मनीषा आदि मौजूद रहे।





## वासुदेव कॉलेज में ली मतदाता शपथ

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कालाढूंगी विधानसभा के वासुदेव कॉलेज ऑफ लॉ, लामाचौड़, हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई का एक दिवसीय मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला समन्वयक ललित मोहन पांडे द्वारा किया गया। इस दौरान पांडे ने कॉलेज स्टाफ एवं विद्यार्थियों को मतदान के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। तत्पश्चात मोनिका चौधरी, ब्लॉक कोआर्डिनेटर स्वीप द्वारा स्वयंसेवकों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के द्वारा वोटर आईडी बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही कई छात्रों और ग्राम गुनीपुर भौना के लोगों ने वोटर आईडी के लिए आवेदन किया। पांडे द्वारा स्वयंसेवक आराध्या मिश्रा, भवांशु पांडे तथा अभिषेक को कॉलेज छात्र एमबेस्डर नियुक्त किया गया। क्रार्यक्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन डा, चंद्र शेखर जोशी, निदेशक गौरव जोशी, स्वीप टीम के डा, प्रदीप उपाध्याय, राजेश लाल वर्मा, उपप्राचार्या डा, माधवी जोशी, डा, निधी कांडपाल, राजीव कुमार दूबे, एनएसएस प्रभारी कपिल नैनवाल, अभिमन्यु गांधी, समर माजिद आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री ने किया विद्युत वितरण कार्यालय का शिलान्यास

## चंपावत, खटीमा एवं सितारगंज में बिजली आपूर्ति की समस्याओं का होगा समाधान





टनकपुर (उद संवाददाता)। चम्पावत जनपद को आदर्श जनपद बनाने की अवधारणा को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा लगातार नए नए विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अपने तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद के लोगों की विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के त्वरित निस्तारण और विद्युत व्यवस्थाओं को बेहतर करने हेतु विधानसभा क्षेत्र चंपावत के सीमांत टनकपुर नगर में उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा नव सृजित विद्युत वितरण चंपावत के कार्यालय भवन का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। इस मंडल के अंतर्गत तीन विद्युत वितरण खण्ड चंपावत, खटीमा एवं सितारगंज शामिल किए जाएंगे। नए सर्किल कार्यालय के खुलने के बाद लोगों को अपनी विद्युत समस्याओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए अधिक दूरी तय नहीं करनी होगी। इसके अलावा इन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्याओं के समाधान को लेकर भी लोगों को आसानी होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद का विकास हमारी प्राथमिकता में शामिल है। विद्युत वितरण मंडल चंपावत के कार्यालय भवन के निर्माण से चम्पावत के विद्युत संबंधित सभी कार्यो का निष्पादन स्थानीय स्तर पर हो पाएगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टनकपुर के रामलीला मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर विभिन्न लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न योजना अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। 9 महिला स्वयं सहायता समूहों को एक-एक लाख रुपए के चेक, सहकारी विभाग के 10 साधन सहकारी समितियां को 13 लाख के चेक प्रदान करने के साथ ही 10 महिला लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया है, उनके आह्वान पर आज देशवासियों ने इस यात्रा की कमान संभाल ली है। देश के सभी राज्यों के लाभार्थी इस यात्रा से काफी उत्साहित हैं। 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी' का स्वागत सत्कार लोग नए-नए तरीके से कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी वाला वाहन हर गांव, हर पंचायत में पहुंच रहा है जिसका मकसद विकसित भारत का निर्माण करना है। इस यात्रा का संकल्प 2047 तक भारत को हर प्रकार से विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में इस यात्रा के अंतर्गत उन वंचित लोगों को लाभार्थी बनाने का कार्य किया जा रहा है जो पहले योजनाओं से वंचित थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में लोग इस यात्रा से उत्साहित होकर जुड़ रहे हैं। उन्होंने लोगों को योजनाओं का लाभ लेने तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा हरिद्वार, उत्तराखण्ड के लाभार्थी भूदेव सिंह से बातचीत कर कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, शहद उत्पादन के द्वारा आय के संसाधनों में वृद्धि पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरिद्वार के भूदेव सिंह एक किसान हैं तथा मत्स्य पालन से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदीजी द्वारा हरिद्वार के किसान भूदेव सिंह की सराहना करना अन्य किसानों के लिये भी प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को जागरूक करना और "जनभागीदारी" को सुनिश्चित करना है।

## सीएम धामी ने भारामल मंदिर में की पूजा अर्चना, भंडारा बांटा

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को तहसील खटीमा के भारामल मन्दिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश व देश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में उपस्थित संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मन्दिर परिसर में संचालित किये जा रहे भंडारे में पूरी सादगी से जनता के साथ जमीन पर बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और लंगर में स्वयं भी जन सेवा करते हुए जनता को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान मंदिर के महंत ने सीएम को आशीर्वाद देकर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान जनपद के प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।




## जायड्स वैलनेस कम्पनी के श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

सितारगंज(उद संवाददाता)। जायडस वेलनेस प्रा.लि. कम्पनी सितारगंज की अवैध बंदी को खत्म करवाने एवं बंदी प्रभावित श्रमिकों को जून 2022 से अब तक का देय वेतन भुगतान करवाने की मांग को लेकर श्रमिकों ने प्रदर्शन करते हुये सीएम को ज्ञापन भेजा है। बुधवार को जायड्स फैक्ट्री के श्रमिक परिवारों, सीपीएम कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। वहां पर उन्होंने फैक्ट्री प्रबन्धन एवं प्रदेश सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी दिया दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि जॉयडस वैलनेस प्रा.लि. सितारगंज के प्लांट की 17 जून 2022 की बंदी को उत्तराखण्ड शासन द्वारा 30 नवम्बर 2022 को अवैधानिक घोषित किया गया है। जिसके उपरांत कारखाने उपरोक्त में कार्य करने वाले श्रमिक नियमानुसार कारखाने की अवैध बंदी खुलवाये जाने तथा 18 जून 2022 से अब



तक निर्धारित वेतन भुगतान कराये जाने का इंतजार कर रहे है। कारखाना प्रबंधन द्वारा औद्योगिक न्यायाधिकरण में संदर्भित उपरोक्त प्रकरण विवाद में मात्र 150 स्थाई कर्मियों के साथ समझौता प्रदर्शित कर एवार्ड कर दिया है जबकि प्रभावित 1000 श्रमिकों को छोड़ दिया गया है जो कि न्याय के प्राकृत्तिक सिद्धांत के विपरीत है। अवैध बंदी प्रभावित सभी अस्थाई, काट्रैक्ट, सुपरवाइजर स्टॉफ, दैनिक वेतनभोगी आदि श्रमिक 17 जून 2022 से बेरोजगार हो गये हैं। जोकि गैरकानूनी बंदी से उत्पन्न औद्योगिक विवाद का हिस्सा है। जिसके सुलझाए बगैर मसले का पूर्ण समाधान नहीं हो सकता है। श्रमिकों ने सीएम धामी से गुहार लगाते हुये कहा कि बेरोजगार हो गये सभी 1000 श्रमिक परिवारों के हक में जायडस सितारगंज प्लांट से अवैध बंदी खत्म कर कारखाने को पुन: उत्पादन हेतु खुलवाया जाए तथा जून 2022 से आज तक की देय वेतन भुगतान कराने की कृपा की जाए तथा प्लांट से मशीनों को खुर्द-बुर्द कर शासन के आदेश को अमान्य करने की साजिश पर रोक लगाई जाए। इस मौके पर ज्ञापन देने वालो मे अधिकृत श्रमिक प्रतिनिधि अनिता अन्ना, सीपीएम सचिव राजेन्द्र सिंह राजा, उत्तम सिंह, डा. जगदेव सिंह, नरेंद्र सिंह, सूरत भंडारी, आशिक अंसारी, ज्योति चन्द, भावना आदि रहे।

## जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

टनकपुर(उद संवाददाता)।सामाजिक कार्यकर्ता सचिन जुकरिया और अनिल चौधरी पिंकी के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने हेतु कुष्ठ आश्रम बनबसा तथा टनकपुर की नीतू, मीना,पिंकी,नन्ही देवी,सावित्री सहित



कई जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान लोगों ने कंबल प्राप्त करने पर सभीसदस्यों का आभार व्यक्त किया । कंबल वितरण कार्यक्रम में दरबान सिंह मेहरा, सौरभ कलखुड़िया,निहाल सिंह,संजीव आर्य, विवेक भण्डारी,शुभम महर, नितेश भट्ट, आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रूद्रपुर से रामनगर व हल्द्वानी से डीएसबी की टीम भिड़ेंगी सेमीफाइनल में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय क्रिक्रेट पुरुष प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। प्रथम मैच महाविद्यालय हल्द्वानी एवम महाविद्यालय काशीपुर के मध्य खेला गया। काशीपुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 41 रन का लक्ष्य बना कर ऑल आउट हो गई। हल्द्वानी के गेंदबाज अमित बिष्ट ने 5 विकेट लिए। महाविद्यालय हल्द्वानी ने 2 विकेट खोकर 5 ओवर में 42 रनो का लक्ष्य बना कर सैमी फाइनल मैच में अपना स्थान सुनिश्चित किया। दूसरा मैच महाविद्यालय रुद्रपुर एवम महाविद्यालय बाजपुर के मध्य खेला गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या प्रो. अमिता चौरसिया ने किया। उन्होने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय बाजपुर द्वारा टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट खोकर 99 रन बनाये। रुद्रपुर के गेंदबाज एवम कैप्टन सुमित मेहता ने 5 विकेट और राहुल, सलमान ने 2/2 विकेट लिए। रुद्रपुर द्वारा 6.3 ओवर में 75 रन का लक्ष्य हासिल किया। क्षितिज रावत ने 25 गेदो में 53 बना कर अधशतक बनाया। महाविद्यालय रुद्रपुर की टीम ने सेमी फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। उक्त अवसर कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा एवम प्रतियोगिता के आयोजक सचिव डॉ. राजेश कुमार ने विजेता टीमों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया प्रतियोगिता के चौथे दिन दो सैमी फाइनल मैच पहला मैच महाविद्यालय रुद्रपुर एवं महाविद्यालय रामनगर तथा दूसरा मैच महाविद्यालय हल्द्वानी एवं डी.एस.बी. परिसर नैनीताल के मध्य खेला जायेगा। उक्त अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र नेगी , डॉ. सुदर्शन, डॉ. विकास रंजन, निर्णायक की भूमिका में राजेंद्र कुमार, दीपक आर्य, लोकेश पांडेय, पवन सिंह बिष्ट, योगेश पांडेय, सुदीप, इबरा, चेतन भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## बजरंग लाल 25 वीं बार बने लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवददाता )। लोहा व्यापार मंडल नगर इकाई की आयोजित हुई बैठक मे नगर कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें बजरंग लाल गर्ग अध्यक्ष, कवलजीत सिंह बठला महामंत्री एवं मनोज गोयल कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही राम सिंह बेदी, सुरेश गर्ग सरपरस्त, गोपाल चांदना संरक्षक, दर्शन लाल आनन्द, सरदार सतवीर सिंह, हरिशंकर अग्रवाल, रोहित खन्ना उपाध्यक्ष, अमित जैन लोहिया, वैभव मित्तल, मनीष गोयल, दिशान्त छाबड़ा सहमंत्री तथा मनोज कक्कड़, प्रेम सिंह, ओम प्रकाश चौधरी, रतन लाल चौधरी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। गौरतलब है कि बजरंग लाल गर्ग वर्ष 1998 से लगातार संगठन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जा रहे हैं। बैठक में बलबीर नागपाल, संदीप सिंह बठला, विजय कुमार, महावीर गर्ग, अमित वासन, विभोर गोयल, शिवम् तागरा आदि मौजूद थे। नवगठित कार्यकारिणी को व्यापार मंडल अध्यक्ष




मयंक अरोरा, मनोज कुमार, शुभम गर्ग, शिवम घीक, राकेश ठक्कर, गौरव अरोरा, कन्हैया लाल, दीनदयाल शर्मा, विशाल कुमार, अजीत पाल सिंह, अनिल बांगा, संजय जुनेजा, महामंत्री हरीश अरोरा, श्री श्याम मंदिर कमेटी, गल्ला मंडी अध्यक्ष चुदन लाल अग्रवाल, श्री अग्रवाल सभा अध्यक्ष गौतम रूंगटा आदि ने बधाई दी है।

# पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को भवन आवंटित

## विधानसभा में शहरी विकास मंत्री ने प्रदान किये अलॉटमेंट लेटर





काशीपुर/देहरादून(उद संवाददाता)। आवास एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विधानसभा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत एक बड़ा कदम उठाते हुए 1983 लाभार्थियों को भवन आवंटन के प्रपत्र सौंपते हुए परिवारों के उज्जवल एवं सुखद भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे निर्धन व जरूरतमंद परिवारों के लिए आगे और भी तमाम कल्याणकारी योजनाओं का खाका तैयार किया जा रहा है। सरकार के इस कदम से लाभार्थियों के चेहरों पर मुस्कान है। ज्ञातव्य है कि बेघर परिवारों को उनके पक्के मकान उपलब्ध कराने की दिशा में मोदी सरकार की परियोजना ने मूर्त रूप लेना शुरू कर दिया है। राज्य में 20 स्थानों यह परियोजना संचालित है जिसके तहत 15960 भवन तैयार किये जा रहे हैं। पांच परियोजनाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 3104 भवन तैयार किया जा रहे हैं जबकि 15 अन्य परियोजनाओं में आवास विकास के तहत 12856 भवन प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि वर्ष 2025 के अंत तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों परिवारों को उनके पक्के मकान मिल सकेंगे। इसी कड़ी में बुधवार को शहरी विकास मंत्री ने हरिद्वार नैनीताल तथा उधम सिंह नगर में पांच स्थानों पर संचालित परियोजना के लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर प्रदान किये। इस मौके पर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के अलावा रामनगर के विधायक दीवान सिंह बिष्ट, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, अपर आवास आयुक्त प्रकाश चंद्र दुमका, समेत बड़ी तादाद में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### लाभार्थियों की पहली पसंद महुआखेड़ा गंज परियोजना

काशीपुर। आवास आवंटन की पहली कड़ी में महुआ खेड़ा गंज में प्रस्तावित आवास योजना के तहत 98 लाभार्थियों को शहरी विकास मंत्री ने आवंटन पत्र सौंपा। महुआ खेड़ा गंज में परियोजना पर तेजी से चल रहे निर्माण कार्य की बाबत जानकारी देते हुए कार्यदाई संस्था के प्रबंध निदेशक आसिफ रजा ने बताया कि सरकार के निर्देशों के क्रम में नियत समय पर लाभार्थियों को उनके भवन सौंप दिए जाएंगे।

### साढ़े तीन लाख में मिलेंगे पक्के मकान, ढाई लाख मिलेगी सब्सिडी

काशीपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धन परिवारों को जो मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं उसकी कुल कीमत 6 लाख है। लाभार्थी को अनुदान के रूप में डेढ़ लाख रुपये केंद्र सरकार तथा एक लाख की धनराशि राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी जबकि बकाया साढे तीन लाख लाभार्थी को स्वयं अदा करना होगा। रकम की अदायगी के लिए सरकार की ओर से लाभार्थियों को पूरी सहूलियत दी गई है।

# पूर्व सैनिकों ने की अरविंद पाण्डेय को लोस प्रत्याशी बनाने की मांग




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व द्वारा नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर यदि प्रत्याशी चयन में परिवर्तन किया जाता है तो इस सीट से प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री व वर्तमान के गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय को भाजपा का प्रत्याशी घोषित किया जाए। पत्रकार वार्ता में गौरव सेनानी वीर नारी उत्थान समिति से जुड़े पूर्व सैनिकों ने एक मत से यह बात कही। समिति अध्यक्ष कैप्टन धन सिंह कोरंगा व सूबेदार मेजर खड़ग सिंह कार्की ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व संसदीय आम चुनाव 2024 में अभी कुछ माह का वक्त है लेकिन आम जनमानस में चुनाव को लेकर चर्चा- परिचर्चा शुरू हो गई है और लोगों में उत्साह है। ऐसे में हमारी समिति गौरव सेनानी वीर नारी उत्थान समिति, गदरपुर भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। समिति ऊधम सिंह नगर-नैनीताल संसदीय सीट से गदरपुर विधायक व पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पाण्डेय जी को टिकट देने की माँग करती है। गौरव सेनानी बीर नारी उत्थान समिति पूर्व फौजियों एवं उनके परिवारों का संगठन है। वर्ष 2011 में समिति का गठन किया गया। क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक गतिविधियों में समिति अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। समिति डिफेंस में मौजूद परिवारों का समूह है और राष्ट्रीयता की भावना से काम करती है। उन्होंने कहा कि विधायक अरविंद पाण्डेय को संसदीय राजनीति का बड़ा अनुभव है। वे 30 सालों से जनप्रतिनिधि हैं। लगातार 5 बार विधायक चुने जा चुके हैं। सभी तराईवासी अरविंद पाण्डेय को अब देश की संसद में देखना चाहते हैं। उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर व सचिव हवलदार भगत सिंह धर्मसत्तू ने कहा कि समिति गैर राजनैतिक संगठन होने के बावजूद भी मोदी के नेतृत्व में श्री पाण्डेय का समर्थन करती है। इस दौरान भगवत सिंह पांगती, विक्रम सिंह रावत, दरबान सिंह कोरंगा, दुर्गा सिंह राणा, भवान सिंह, खीम सिंह, राजेन्द्र सिंह, गोबिंद सिंह, फकीर सिंह, लक्ष्मण सिंह, तारा सिंह, हीरा सिंह, रमेश सिंह, गोपाल सिंह , त्रिलोक सिंह व योगेश सिंह आदि मौजूद थे।



## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की सुरक्षा

मानव तस्करी की आशंका की वजह से फ्रांस में रोके गए विमान के यात्री भारत पहुंच गए, मगर इस समूचे घटनाक्रम की जितनी परतें सामने आई हैं, वे सोचने पर मजबूर करती हैं कि अमूमन सामान्य दिखती दुनिया में बहुत सारे लोग किस तरह की जटिलताओं से गुजरते हैं। संयुक्त अरब अमीरात से अमेरिका के निकारागुआ जा रहे विमान में अगर मानव तस्करी की आशंका नहीं पैदा होती तो शायद इससे जुड़े पहलू या तो दबे रह जाते या फिर वैध-अवैध की आम घटनाओं में शुमार होते। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले निकारागुआ जाने वाली रोमानियाई कंपनी के एक विमान ने तीन सौ तीन यात्रियों को लेकर दुबई से उड़ान भरी थी। फ्रांस की ओर से जारी बयान के मुताबिक विमान के बारे में यह खुफिया जानकारी मिली थी कि उसमें सवार लोग मानव तस्करी के शिकार हुए हो सकते हैं। निश्चित रूप से यह एक संवेदनशील सूचना थी। नतीजतन इसे बीच में ही फ्रांस के पास वैट्री हवाई अड्डे पर रोक दिया गया। उसमें दो लोगों को संदिग्ध मान कर उनसे पूछताछ की गई और चार दिन तक वहां रखे जाने के बाद आखिर उनमें से दो सौ छिहत्तर यात्रियों को भारत भेज दिया गया। दो नाबालिगों सहित पच्चीस ने फ्रांस में ही शरण मांगी। वैश्विक स्तर पर जैसे हालात बन रहे हैं, बहुस्तरीय आशंकाएं उभर रही हैं, अमूमन सभी देशों को सुरक्षा के मोर्चे पर कई तरह की सावधानियां बरतनी पड़ रही हैं, उसमें किसी आशंका के आधार पर विमान को रोके जाने और यात्रियों को भारत भेजे जाने की वजह समझी जा सकती है। मगर इसमें यह ध्यान रखने की जरूरत है कि किसी भी विमान के जरिए एक से दूसरे देश की यात्रा करना आसान नहीं होता और इसके लिए किसी यात्री को पहचान से लेकर कारण और अवधि तक के कई स्तर पर सूक्ष्म जांच प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। सवाल है कि इसके बावजूद इतनी बड़ी तादाद में लोग किसी रोमानियाई कंपनी के विमान से दुबई से चल कर अमेरिका के निकारागुआ कैसे जा रहे थे, जिन्हें रोकने के बाद अब भारत भेजा गया! हालांकि उनमें से कई यात्रियों के पास कार्य या पर्यटक वीजा था और कइयों के पास वापसी के टिकट और होटल के आरक्षण के प्रमाण भी थे। यह दावा किया गया कि निकारागुआ के लिए भुगतान करने वाले यात्री वापस नहीं लौटना चाहते थे, मगर फ्रांस में रोके जाने के बाद उनके सामने पैदा संकट के समय केवल भारत ही मदद करने को तैयार हुआ। फ्रांस से भारत पहुंचने वाले यात्रियों में से ज्यादातर भारतीय हैं और बाकी सब भी अब अपने-अपने सुविधाजनक ठिकानों की ओर लौट जाएंगे। फिलहाल फ्रांस की ओर से उठाई गई मानव तस्करी की आशंका की पुष्टि नहीं हुई है और घटना की पूरी जांच होगी। मगर इससे यह साफ हुआ है कि किस तरह बहुत सारे लोग रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास के बीच युद्ध से उपजे हालात से बचने के लिए या रोजगार या फिर किसी अन्य वजह से संवेदनशील स्तर तक जान का जोखिम उठा भी कर यूरोप या अमेरिका जैसे देशों में जा रहे हैं। हालांकि उनमें कुछ लोग समूची कानूनी प्रक्रिया का पालन करके वहां जाते हैं, लेकिन ऐसे मामले भी सामने आते रहे हैं, जिनमें कई अवैध तरीके से भी कनाडा और अमेरिका जाते हैं। अमेरिका में शरण मांगने वालों के लिए निकारागुआ एक चर्चित जगह बन गई है। जाहिर है, इस समूची घटना के कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर मानवीय दृष्टि से विचार करना जरूरी है तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैदा होते जटिल हालात में देशों के लिए सावधानी बरतना भी वक्त का तकाजा है।

# उत्तराखंड में जल्द लागू हो भू कानून : प्रकाश जोशी

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने उत्तराखंड में जल्द भू कानून लागू किये जाने की वकालत की है।उन्होंने कहा कि राज्य के लिए भू कानून बेहद जरूरी है।इसके लिए सब लोगों को एकजुट होना होगा।उन्होंने कहा कि पहाड़ को बचाना है तो भू कानून बेहद आवश्यक है।उन्होंने कहा की उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है।पहाड़ से ही हमारी पहचान है इसलिए हमको पहाड़ की जल,जंगल और जमीन की हिफाजत करनी होगी। बीते कुछ सालों में



जिस तरह पहाड़ की जमीन बेची जा रही है यह बेहद चिंताजनक है।राज्य में कड़ा भू कानून लागू किया जाना बेहद आवश्यक है ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे और गैर कृषक की ओर से कृषि भूमि खरीदने पर रोक लगे। वहीं पर्वतीय क्षेत्र में गैर पर्वतीय मूल के निवासियों के भूमि खरीदने पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।हिमाचल में एक मजबूत भू-कानून होने के कारण कोई भी बाहरी व्यक्ति जमीन नहीं खरीद सकता।यहां के भूमि सुधार कानून में लैंड सीलिंग एक्ट और धारा-118 के कारण राज्य की भूमि पर बाहरी उद्योगपति,बिल्डर और भू-माफिया,धन्नासेठ मनमाना कब्जा नहीं कर पाए हैं।हिमाचल और उत्तराखंड की सारी भौगोलिक परिस्थितियां लगभग एक जैसी ही हैंहिमाचल और उत्तराखंड की सारी भौगोलिक परिस्थितियां लगभग एक जैसी ही हैं।हिमाचल प्रदेश टेंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट 1972 में प्रावधान किया था।एक्ट के 11वें अध्याय में कंट्रोल ऑन ट्रांसफर ऑफ लैंड्स (भूमि के हस्तांतरण पर नियंत्रण) में धारा-118 के तहत हिमाचल में कृषि भूमि नहींखरीदीजासकतीगैर हिमाचली नागरिक को यहां जमीन खरीदने की इजाजत नहीं है और कॉमर्शियल प्रयोग के लिए आप जमीन किराए पे ले सकते हैं।इसी तर्ज पर उत्तराखंड में भी सशक्त भू कानून लागू होना अति आवश्यक है।

# पर्वतीय क्षेत्रों में हेलीपैड बनाने को मांगे जाएंगे आवेदन

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में हेलीपैड बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया हैं। ये कहा बनने है, इसके लिए जल्द ही उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) निजी क्षेत्र से एक्सप्रेंशन आफ इंटरेस्ट (ईओइाई) आमंत्रित करने जा रहा है। इसके तहत यूकाडा बताएगा कि किन क्षेत्रों में हेलीपैड बनाने की जरूरत है। इसके लिए इच्छुक व्यक्तियों स्वयं अथवा सरकार के सहयोग से हेलीपैड बननो के आवेदन दे सकेंगे। प्रदेश सरकार लगातार हेली सेवाओं का विस्तार कर रही है। विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में हेली सेवा देनी सरकार की प्रथामिता में शामिल है। इसके लिए तमाम प्रयास भी किए गये, लेकिन भूमि संबंधी दिक्कतों के चलते इसमें आशातीत सफलता नही मिल पाई है।

# जब 'जमीन' ही नहीं रहेगी तो 'संस्कृति' कहां से रहेगी?

## उत्तराखंड में नया भू-कानून बनाने के समर्थन में उतरे पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश का उत्तरांचल नाम बदलने पर भी उठाए सवाल

देहरादून(उद ब्यूरो)। देवभूमि उत्तराखंड में मौजूदा धामी सरकार एकबार फिर नये भू कानून और मूल निवास की मांग को लेकर चौतरफा घिरती हुई दिख रही है। नये साल के आगमन आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के बीच राज्यवासियों के हितों से जुड़ी की प्रमुख मांगों को भुनाने के



लिए राजनीतिक और स्थानीय दलों के लोगों की प्रतिक्रियाओं से सियासी वातावरण भी गर्म हो रहा है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत उत्तराखंड के लिए नए भू-कानून बनाने के समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि दुख की बात यह है कि जहां भूमि बेचने के बारे में सोचा भी नहीं जाना चाहिए था, वहां की जमीन बिक रही हैं। बुधवार को सोशल मीडिया पर भू कानून और मूल निवास को लेकर साझा की गई अपनी एक और फेसबुक पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गत 24 दिसंबर को भू-कानून में संशोधन की मांग को लेकर रैली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रैली में उमड़े हुजूम का आम दर्द यही था कि कहीं ऐसा न हो कि हमें हमारी ही मिट्टी से अलग कर दिया जाए। हमारी थाती ही हमारे लिए पराई न हो जाए। हरीश रावत ने कहा कि केंद्र सरकार ने जब प्रदेश का नाम उत्तराखंड से बदलकर उत्तरांचल किया तो ऐसे ही पहचान के संकट से बेचैनी उत्पन्न हो गई थी। आज उत्तराखंड की पहचान का यह दर्द प्रदेश के हर क्षेत्र का है। उन्होंने कहा कि हर मुकाम पर एक उत्तराखंडी संस्कृति है जो हमारी साझी संस्कृति के रूप में गौरवान्वित करती है। जब जमीन ही नहीं रहेगी तो संस्कृति कहां से रहेगी। माटी में ही तो चीजें अंकुरित होती हैं। जब माटी नहीं रहेगी तो भूमिपुत्र कहां से रहेंगे। इस मिट्टी के सत्व की रक्षा के लिए उत्तराखंड को एकजुट रखना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि एक आंकड़े के अनुसार पिछले पांच वर्षों में एक लाख से अधिक रजिस्ट्री विभिन्न जिलों में अस्तित्व में आई हैं। उन्होंने सवाल दागा कि ये कौन लोग हैं, इसकी सूची जिलाधिकारियों के पास भी नहीं है। वनांतरा रिसॉर्ट आम बात हो गई है जो मन को कचोटती है। **उत्तराखंड मांगे नया भू-कानून (पार्ट-२)** भूमि के महत्व को वर्गीकृत करना तो देवताओं के लिए भी कठिनतर रहा है, इसलिये शास्त्रों में कहा गया है कि 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी', स्वर्ग से भी देवताओं ने और महापुरुषों ने गांव की माटी को महत्वपूर्ण माना है। फिर उत्तराखंड को यूं ही देवभूमि नहीं कहा जाता है, जहां के हर गाड़ में शिवालय व हर धार में भवानी का वास हो, जहां की अदिष्टदात्री नन्दा (पार्वती) हो उस धरती की मिट्टी का मूल्य यदि उसके बेटे-बेटियां नहीं समझ रहे हैं तो फिर हमारी कोई मदद नहीं कर सकता है। यदि हम विशुद्ध वाणिज्यिक दृष्टिकोण से भी देखें तो भी हम इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि आने वाले दिनों में हमारे उत्तराखंड के माटी के प्राकृतिक उत्पाद मूल्यवान से बहुमूल्य होते जाएंगे। मैं इस भूमि के उत्पादों के वाणिज्यिक महत्व को इंगित करने के लिए एक-दो सामान्य से उदाहरण आपके सामने रखना चाहता हूं। भांगुला (हैम्प), कण्डाली (बिच्छू घास), गेठी की लकड़ी, तिमरू, थुनेर, चन्द्रा, बद्री बेरी, जम्मू गंदरायणी, कीड़ा जड़ी, जखिया, चिरैता की घास के वर्तमान समय में महत्वहीन उत्पादों के भावी वाणिज्यिक महत्व को सामने लाऊं तो आप इस निष्कर्ष पर पहुंचेंगे कि आपकी मिट्टी में सोना लिपटा है। हमने हैम्प जिसको भांगुला भी कहा जाता है, कण्डाली, भीमल और रामबांस को भी कुछ सीमा तक, हर रेशा प्रजाति जिसमें बांस, रिंगाल आदि सम्मिलित हैं उनको अपनी गरीबी उन्मूलन का एक सशक्त माध्यम के रूप में ढूंढा और अपनी राजनीति को दांव पर लगाकर कमर्शियल हेंप के लिए कानून बनाया। अब पता चला





है कि हेंप के रेशे और औषधीय गुणों के अतिरिक्त गुणों के लिए उसके वाणिज्यिक दोहन के लाइसेंस दिए जा रहे हैं। मुझे डर है एक दिन हमारा भांगुला, हमारा बिच्छू घास भी हमारा नहीं रह जाएगा। क्योंकि जितनी ऊंची चोटी होगी उसके निकट उतना ही बहु उपयोगी भांगुला, बिच्छू घास आदि पैदा होगा। क्लाइमेट चेंज ने हमारे लिए जहां हजारों चुनौतियां खड़ी की हैं, वहीं उच्च हिमालयी क्षेत्रों के भौगोलिक और जैविक महत्व को भी आगे बढ़ाया है। कल तक जिन क्षेत्रों में केवल फाफर और जौं आदि पैदा होते थे आज उन क्षेत्रों में आलू, सेब आदि पैदा हो रहे हैं। उसी प्रकार जिन क्षेत्रों में कल तक नारंगी, संतरे, नींबू आदि पैदा होते थे, आज उन क्षेत्रों में आम और लीची भी उत्पादित हो रही हैं। इस परिवर्तन का उच्च हिमालयी क्षेत्रों को बड़ा सार्थक लाभ भी मिल रहा है, बसर्ते हम इन क्षेत्रों में भूमि के स्वामित्व को परंपरागत लोगों के हाथ में ही रहने दें! यह रह पाएगा, एक बड़ी चुनौती है! जो लोग अपनी वाणिज्यिक दोहन के लाइसेंस दिए जा रहे हैं, वो लोग अपनी आर्थिक लाभ के लिए यहां आ रहे हैं, मैं उनको दोष नहीं दे रहा हूं, दोष हमारी नजर का है। गलतियां होती हैं, सुधारनी पड़ती हैं। जब 2014 के आस-पास सोलर एनर्जी की बड़े पैमाने पर बात उठी तो हमने भगवानपुर के पास में खेलपुर, खाताखेड़ी, उधर कुछ झबरेड़ा के क्षेत्र में और कुछ अन्य क्षेत्रों में ऐसी दो-तीन सौ मेगावाट की परियोजनाएं सब स्थापित की, इनके स्थापित होने के 6 महीने बाद जब मैं यह देखने पहुंचा कि इन परियोजनाओं में कितने लोगों को नौकरी मिल रही है तो मुझे आश्चर्य हुआ कि 100 बीघा जमीन में लगे प्रोजेक्ट में केवल 11 लोग कार्यरत थे। मैंने उसी क्षण इस आईडिया पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला लिया। आज हम कुछ सबक सीखने को तैयार नहीं हैं। वर्ष 2018 में भी एक बड़ा इन्वेस्टमेंट इवेंट हुआ, सवा लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट आने का दावा किया गया। आज अभी-अभी एक और ऐसा ही इन्वेस्टमेंट इवेंट हुआ है जिसमें साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए की पूंजी निवेश की बात हो रही है। ज्ञातव्य है कि यह उस राज्य में हो रही है, जिस राज्य में पहले से ही देश और दुनिया के नामचीन उद्योग स्थापित हैं। हमारे राज्य में आज उद्योग बंद होने की होड़ भी लगी हुई है, ठभ्म्स् जैसी संस्था जिसके पास हरिद्वार में विशाल भूखंड है, वर्ष 2014 के अपेक्षाकृत 1/4 कार्य बल से काम चला रहा है। विचारणीय प्रश्न है कि भूमि उपलब्ध कहां है? हमने वर्ष 2016 में उधमसिंहनगर में दो फार्मों की शिलिंग की जमीन को अधिकृत किया, काशीपुर में हिंदुस्तान पेपर मिल को दी गई जमीन को बाय बैक किया तथा गदरपुर चीनी मिल की जमीन को अधिकृत कर, इन सभी भूखंडों का प्रबंधन सिडकुल को सौंपा। आज की सरकार की नजरें इसी भू-खंड पर गड़ी हुई है। हमने इन भू-खंडों के आवंटन के लिए तीन मानक निर्धारित किए थे। (1) दैवीय आपदा पीड़ित (2) भूमिहीन (3) उन उत्तराखंडी उद्यमियों जिनमें अपने उद्यम लगाने की क्षमता विकसित हो गई हो। मैं भूमि उपयोग निधारित करने के सरकार के अधिकार को चुनौती नहीं दे रहा हूं, प्रश्न औचित्य का है? कल यदि उत्तराखंड के उद्यमी उद्योग लगाने में सक्षम होंगे तो उन्हें क्या हम भूमि दे पाएंगे? दैवीय आपदा पीड़ितों को बसाने की चुनौती खड़ी होगी तो क्या हम उसका समाधान ढूंढ पाएंगे? हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुत सारे इंवेस्टमेंट प्रतिक्षित हैं। जिसमें मेट्रो सुविधाओं का सृजन, फ्लाई ओवर्स, रिवर फ्रंट का निर्माण, जल संचय हेतु विशाल जलाशयों का निर्माण सम्मिलित है। क्या सरकार इन क्षेत्रों में यह इन्वेस्टमेंट लेकर आ रही है? यदि आ रही है तो हम उसका स्वागत करना चाहेंगे। मगर जिस राज्य के पास अपने कुल क्षेत्रफल का मात्र 25 प्रतिशत हिस्सा जीवन यापन की समस्त गतिविधियों के लिए उपलब्ध हो तो उस राज्य को कबीर दास जी के इस दोहे को याद करना चाहिए तेते पांव पसारिये, जेती लांबी सौर। भूमि सुधार के क्षेत्र में हमने कई दूरगामी महत्व की पहलें प्रारंभ की, पर्वतीय चकबंदी के लिए कानून बनाया, क्लस्टर बेस खेती को बढ़ावा देने के लिए लीजिंग पॉलिसी तैयार की, वर्ग-3, वर्ग-4 जैसे कई खेती के किसान विरोधी वर्गीकरणों को समाप्त करने का फैसला लिया। दलित और कमजोर वर्ग के कब्जे की जमीनों को नियमित करने का फैसला भी लिया गया। चकबंदी को आगे बढ़ाने के लिए 14 साल बाद चकबंदी और राजस्व अमीनों आदि की भर्तियां प्रारंभ की। मेरी इच्छा थी कि लंबे समय से प्रतिक्षित जमीन के बंदोबस्त को भी प्रारंभ करें। आसन्न चुनावों के कारण हमें यह फैसला टालना पड़ा। यदि हमारे बने हुए चकबंदी कानून आपको पसंद नहीं आ रहा है या हमारे द्वारा तैयार की गई नियमावलियों में आप संशोधन करना चाहते हैं, यह आपका अधिकार क्षेत्र है। आज तो मौलिक प्रश्न यह पैदा हो गया है कि क्या हमारी जमीन बचेगी? मगर ऐसे समय में एक अपवाह फैलाई जा रही है, कहा जा रहा है कि जो जमीन10 साल तक खाली रहेंगी उनको अलग से चिन्हित किया जाएगा, येलो कलर या कुछ और कलर उसके लिए मिजाज किया जा रहा है। संदेश यह दिया जा रहा है कि जो जमीनें खोदी नहीं जा रही हैं जिनका कृषि उपयोग नहीं हो रहा है या वाणिज्यिक उपयोग नहीं हो रहा है, उन जमीनों को चिन्हित किया जाएगा, जमीन मालिकों के मन में भी डर पैदा किया जा रहा है ताकि जो जमीन नहीं भी बेचने वाला है वह भी औने-पौने धाम पर अपनी भूमि को बेचने को तैयार हो जाए। कुछ बुद्धिमान अधिकारी सरकार को यह राय दे रहे हैं, सरकार राय को मानने जा रही है या नहीं, यह तो सरकार ही स्पष्ट कर सकती है, मगर उत्तराखंड अब बेचौन है और वह भू-कानून चाहता है। इसीलिए उसकी कल्पनाएं अब अकेले भू-कानून तक सीमित नहीं हैं, वह उससे आगे बढ़ना चाहते हैं। बिना सभी चीजों पर गहराई से विचार किये वह आगे छलांग लगाना चाह रहा है। समय की पुकार है कि परेड ग्राउंड देहरादून के स्वरों को मुख्यमंत्री जी को उसका वीडियो मंगवा कर बड़े गौर से सुनना चाहिए। अधिकारियों के प्रति पूरा सम्मान रखते हुए भी मैं आग्रह पूर्वक कहना चाहूंगा कि भू-कानून एक सैद्धांतिक प्रश्न है? इस प्रश्न का समाधान राजनीतिक स्तर पर ही निकल जाना चाहिए। अधिकारी ऐसे निकाले गये नीतिगत निर्णय को क्रियान्वित करने का रास्ता अवश्य ढूंढ सकते हैं। हम वक्तीय तौर पर इस मामले को लटकाने के लिए ऐसी कमेटियां बनाकर और उलझाव ही पैदा करेंगे। पहले से ही तीन कमेटियां गठित हो चुकी हैं, वह कहां तक आगे बड़ी हैं तथ्य सार्वजनिक नहीं हैं!! एक संवेदनशील प्रश्न पर चलताऊ रवैया अपनाना उचित नहीं रहेगा। माननीय मुख्यमंत्री जी चाहें इस विषय में सर्वदलीय यहां तक कि सर्वपक्षीय परामर्श भी आहूत कर सकते हैं। राजनीति में सर्वदलीय यहां तक की सर्वपक्षीय परामर्श का अपना महत्व है। भू-कानून और इससे जुड़े हुये सवाल संवेदनशील हैं। अभी राज्य के सम्मुख आने वाले समय में और अधिक संवेदनशील मामले आने जा रहे हैं, इनमें से एकाध मामला तो सीधे-सीधे राज्य निर्माण की अवधारणा पर चोट करेगा। यूं भाजपा हमेशा संवेदनशील मुद्दों की राजनीति करती है। चाहे वह मामला जनसंख्या असंतुलन का हो या कॉमन सिविल कोड का हो, भाजपा ने हमेशा बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, बढ़ते पलायन, असहिष्णुता, बढ़ते हुए भ्रष्टाचार के मुद्दों से कन्नी काटने का प्रयास किया है। मगर नये भू-कानून की मांग संवेदनशील होने के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक व राज्य निर्माण की भावना से जुड़ा हुआ मामला है। यदि हम इस मामले को और अधिक टालेंगे तो उत्तराखंड अपने पांव में ही कुल्हाड़ी मारेगा। हम सबका मिला-जुला प्रयास होना चाहिये कि ऐसी स्थिति आने से बचा जाय। जय हिन्द!

# बेहड़ ने किया 90 लाख की दो सड़कों का उद्घाटन

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपनी विधानसभा किच्छा के अंतर्गत राज्य योजना से निर्मित कराई गई दो सड़कों का लोकार्पण किया जिनकी कुल लागत लगभग 90 लाख रूपये है, इसके तहत ग्राम चुटकी देवरिया में गोल्ज्यू मंदिर मार्ग का पी०सी० द्वारा पुन: निर्माण का कार्य जिसकी लम्बाई 1.5 किलोमीटर तथा कार्य की लागत 60.90 लाख है तथा ग्राम कनकपुर (इन्दरपुर) में प्रतापपुर मार्ग से आशापति त्रिपाठी के खेत तक पी०सी० द्वारा मार्ग का नव निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 575 मीटर तथा लागत 29.16 लाख है के लोकार्पण फीता काटकर किये। इस दौरान विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि आने वाला समय किच्छा विधानसभा के लिए बहुत ही सुनहरा है किच्छा विधानसभा के हर



कोने में विकास के नए-नए आयाम स्थापित किये जा रहे है, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्य बहुत तेजी से चल रहे हैं जल्दी विधानसभा वासियों को पूरी विधानसभा में विकास की गंगा बहती की नजर आएगी द्य उनकी विधायक निधि के द्वारा हर गांव में चल रहा है तथा अन्य योजनाओं से भी वे अपनी विधानसभा में विकास कार्यो को पूरा कराने में सैदेव प्रयासरत्त रहते है वे अपनी विधानसभा को विकास के मामले में अग्रसित करना चाहते है तथा उनके द्वारा किए गए प्रयासों से उन्हें सफलता भी मिली है इसी बात का प्रमाण है कि उनकी विधानसभा में बहुत से नए विकास कार्य प्रारंभ हो गए है, सभी क्षेत्र वासियों को जल्द ही उनके प्रयासों के फल का लाभ मिलेगा। इससे पूर्व समस्त ग्रामवासियों ने विधायक तिलक राज बेहड़ का उनके अपने-अपने गांव पहुंचने पर फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया तथा विधायक बेहड़ का विकास कार्य कराये जाने हेतु धन्यवाद किया। देवरिया स्थित गोल्ज्यू मंदिर में विधायक बेहड़ ने माथा टेका व महाराज श्री कमल धारक जी से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उन्होंहे कहा कि मैंने अपनी किच्छा विधानसभा में जनसंपर्क की शुरूवात यहाँ से आशीर्वाद प्राप्त करके की थी गोल्ज्यू देवता के आशीर्वाद से हि मैं विधायक बना और आज स्वस्थ होकर क्षेत्रवासियों की सेवा कर पा रहा हूँ। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,राजेश प्रताप सिंह,अशोक चुघ,डाक्टर डी के सिंह,प्रधान चन्द्र प्रताप सिंह,राकेश त्रिपाठी,निवर्तमान सभासद रणजीत नगरकोटी,चन्दन पाण्डेय,ओम प्रकाश दुआ,शिवाजी सिंह,सरवन कुमार,भोलू शाही,मुन्नातिवारी,राकेश सिंह,बंटी गाबा,गुलशन सिन्धी,पूर्व प्रधान रामबहादुर सिंह,शेर बहादुर सिंह,निशांत शाही,राजेश पाल,गुड्डू सिंह,निलेश शर्मा,संतोष पाण्डेय,प्रमोद पाण्डेय, कैलाश नेगी,अशोक मित्रा,संतोष अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## झूठा निकाला नारी निकेतन की किशोरी से दुष्कर्म का प्रकरण!

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नारी निकेतन में किशोर से दुष्कर्म का मामला झूठा पाया गया है। किशोरी अपने बयान से मुकर गई। मामला झूठा पाए जाने पर पुलिस ने इस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया किकिशोरी अपने घर जाना चाहती थी। जब उसे नहीं जाने दिया गया तो उसने फर्जी आरोप लगा दिए। मेडिकल रिपोर्ट में भी ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हो। बता दें कि नारी निकेतन में एक किशोरी से दुष्कर्म की खबर ने हडकंप मच गया था। आरोप था कि नारी निकेतन की दो अनुसेविकाएं किशोरी को किसी मकान में ले जाती थी जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया जाता था। शर्मनाक घटना सामने आने के बाद पुलिस ने दो अनुसेविकाओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वहीं महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्या ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुएउ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का भी गठन किय गया था। एसएसपी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जांच में पूरे प्रकरण को झूठा पाया गया। किशोरी ने घर न जाने देने पर यह घिनौना आरोप लगा दिया। जिसके बाद पुलिस ने इस प्रकरण में अपनी फाइनल रिपोर्ट लगा दी है।

## नरेश बंसल को स्वच्छ राजनीतिज्ञ सम्मान

देहरादून। उत्तराखंड के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्बीय डा. नित्यानंद स्वामी को उनके जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नित्यानंद स्वामी जन सेवा समिति ने राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल को स्वच्छ राजनीतिज्ञ सम्मान प्रदान किया। बुधवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी का स्मरण करते हुए कहा कि वह उच्च कोटि के जन नेता, साधारण स्वाभाव के धनी तथा हर व्यक्ति का मान-सम्मान करने वाले थे। उत्तराखंड के निर्माण व सामाज के उत्थान में उनका विशेष योगदान रहा। लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार चरणजीत सिंह अटवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री को याद करते हुए कहा की वह प्रखरराजनीतिज्ञ व महान सामाज सुधारक भी थे। वह हमेशा एक समान स्कूली शिक्षा के पक्षधर रहें। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती को उत्तराखंड गौरव सम्मान, पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल को संस्कृतिक संपदा अलकरण, स्वामी राम हिमालयन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. विजल धस्माना को शिक्षाविद् अलंकरण रामापीर इंडस्ट्री के सीइओ दर्शन सांखला को उद्योग अलंकरण तथा डा. अलका आहूजा को चिकित्सा संवा अलंकरण प्रदान किया गया।

## स्थापना दिवस पर कांग्रेसियों ने की पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा

गदरपुर(उद संवाददाता)। बुध बाजार स्थित कंबोज धर्मशाला में 139वां कांग्रेस स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस दौरान पिछले चुनाव में मिली हार के दौरान कांग्रेस की गलतियों के बारे में भी विचार विमर्श किया गया । इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव के दौरान होने वाले मुद्दों पर चर्चा की चुनाव में ई वी एम की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गई की गई । कांग्रेस नेता



सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि आज समय है कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अपना सहयोग करें उन्होंने कहा गत चुनाव में कांग्रेस की हार पर मंथन करने के उपरांत यही निर्णय निकलता है कि कांग्रेसियों में एक जुटता की कमी रही तभी हमें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष बेहड़, सिद्धार्थ भुसरी, ऋषभ कंबोज, मनीष चौधरी, संजीव झाम, सत्यजीत सिंह गुलाटी ,भीम ठुकराल ,शादाब ,शाकिर अली, शाहिद सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे ।

## सामान लेने गई किशोरी हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर से सामान लेने समीप ही दुकान गई एक किशीरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी के सूचना पुलिस को देते हुए दो युवकों पर उसे वाला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का संदेह व्यक्त किया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश निवासी युवक ने कहा है कि ट्राजिट कैम्प में परिवार के साथ किराए के मकान में रहता है और सिडकुल पन्तनगर स्थित कम्पनी में काम करता है। उसने बताया 4 दिसंबर की शाम उसकी नाबालिग बहन चीनी खरीदने के लिए दुकान पर गई थी तब से वापस नही आई । वह मोबाईल द्वारा एक युवक से बात चीत करती रहती थी। उसे शक है कि उक्त युवक अपने साथी के साथ मिलकर उसकी नाबालिग बहन को बहला पुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कव्वालों ने शाह बाबा की शान में पेश किए कलाम

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। काठगोदाम स्थित चिराग अली शाह बाबा का 131वें उर्स शरीफ उत्तर प्रदेश के नामचीन कव्वालों के साथ ही स्थानीय कव्वालों बाबा की शान में कलाम पेश की। उर्स का समापन 31 दिसंबर को होगा। 22 दिंसबर से उर्स की शुरूआत कुरानी ख्वानी के साथ हुई। उर्स में रामपुर से पहुंचे कव्वाल इमरान साबरी, हल्द्वानी के आमिर मस्तान और कांठ मुरादाबाद के कव्वाल शकील और शरीफ ने बाबा की शान में कलाम पेश किए। उर्स के मौके पर यहां पर दुकानें सजाई गई हैं जिनमें तरह-तरह के पकवानों का स्वाद उर्स पहुंचे लोग उठा रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए आकर्षक झूले भी लगाए गए हैं। रोजाना यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई है। 131वें उर्स का समापन 31 दिसंबर को होगा। समापन अवसर पर मजार में विशेष फातिया का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश की तरक्की और खुशहाली की दुआ की जाएगी। उर्स में कोने-कोने से पहुंच रहे श्रद्धालु मजार में पहुंच कर बबा शेर अली शाह की मजार पर माथ टेक रहे हैं।

## प्रदेश में बदला मौसम, कई जगहों पर छाया कोहरा

देहरादून। उत्तराखंड में मौसम पल-पल बदल रहा है। सुबह और शाम ठंड हो रही है तो दोपहर में धूप निकल रही है। आज गुरुवार को राजधानी देहरादून समेत पहाड़ से मैदान तक दिन की शुरुआत हल्की धूप के साथ हुई। हालांकि कुछ जगहों पर कोहरा छाया रहा, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही मौसम खुलता गया। वहीं ऊधमसिंहनगर जनपद में सुबह से घना कोहरा छाया रहा। पहाड़ों की रानी मसूरी,धनोल्टी और कैम्पटी में मौसम साफ है। यहां दिन की शुरुआत चटख धूप के साथ हुई। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में धुंध के बीच धूप निकली हुई हैं। हरिद्वार में सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। पछवादून और चकराता में मौसम साफ है। हल्की धूप निकली हुई है। विकासनगर में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और चकराता में 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। 30 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। मैदानी इलाकों में दिन के अधिकतम तापमान में एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी होने से ठंड का अहसास कम होगा। वहीं, 31 दिसंबर के बाद पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी की होने की संभावना है। इससे शीतलहर चलने से प्रदेश भर में ठंड बढ़ेगी। इसका असर दिन के तापमान में भी देखने को मिलेगा।

## पेज एक का शेष...

**पेट्रोल पंप स्वामी...**चौधरी के छोटे भाई हैं। घटना के बाद लोगों की भीड़ भी घटनास्थल और सिविल अस्पताल में जुट गई। पुलिस हत्या के मामले में हर बिंदु पर जांच की जा रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। उधर, पुलिस की माने तो पेट्रोल पंप मालिक की हत्या के मामले में शक की सुई आसपास ही घूम रही है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**सीएम ने कैम्प कार्यालय ...**कहा कि वे स्वयं जनपदों के भ्रमण के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लगातार फीडबैक ले रहे हैं। जिलाधिकारियों को जनपदों में जनता दरबार, तहसील दिवस आदि की नियमित बैठकें करने के भी निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की जनता के हित में काम कर रही है और जनहित में जटिल से जटिल मुद्दों को भी सुलझाया जा रहा है। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों गोपाल सिंह बिष्ट, शिव शंकर भाटिया, भगवान जोशी, पार्वती, प्रकाश तिवारी, सर्वेश पाठक, जगदीश चंद्र, सुरेश चंद्र आदि का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से मिला और सीएम द्वारा राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन वृद्धि, 10% आरक्षण, राज्य आंदोलनकारी चिन्हीकरण की तिथि को विस्तारित किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और आंदोलनकारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, डीएफओ संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व अशोक कुमार जोशी, एसडीएम रविंद्र बिष्ट, तुषार सैनी सहित पूर्व विधायक नानकमत्ता प्रेम सिंह राणा, पूर्व मेयर काशीपुर ऊषा चौधरी, दान सिंह राणा, संतोष अग्रवाल, अजय मौर्य, सतीश गोयल सहित बड़ी संख्या में जनता उपस्थित थी।

**चोरों ने कनफैक्शनरी...**पर लगे दरवाजा से दुकान में घुसकर गल्ले में रखी 32 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। दुकान स्वामी रोज की तरह दुकान खोलने आया तो गल्ले में नगदी न होने से व्यापारी के होश उड़ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दुकान स्वामी से घटना की जानकारी ली। चोरी की सूचना मिलने पर शहर के व्यापारी भी एकत्रित हो गए। उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री गुरनाम सिंह ने कहा है कि शहर में लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शहर में लगातार हो रही चोरियों का पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पा रही है, उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरी से खुलासे की मांग की। पुलिस ने चोरी का खुलासा नहीं किया तो व्यापारी एकजुट होकर धरना प्रदर्शन करने के बाध्य होंगे।

**फर्जी डिप्लोमा..**खेडा गौलापार में डीपी एमआई काठगोदाम कालेज का संचालन शुरू कर पैरामेडिकल के विभिन्न कोर्सेज शुरु कर छात्रों को एडमिशन दिया गया।डीपी एमआई काठगोदाम द्वारा वर्ष 2018 के छात्र छात्राओं वर्ष 2019 के 37 वर्ष 2020 के 21यूटीएस छात्राओं को पैरामेडिकल कोर्स का डिप्लोमा दिया गया और वर्ष 2021 के 30 छात्र छात्राओं को डिप्लोमा देना शेष है। दौरान विवेचना के क्रम में डीपी एमआई काठगोदाम की मुख्य शाखा डीपी एमआई दिल्ली जाकर पता चला कि डीपी एमआई दिल्ली द्वारा डीपी एमआई काठगोदाम के वर्ष 2018 के छात्र छात्राओं को ही अब तक डिप्लोमा प्रदान किया गया है। वर्ष 2019 के 37 छात्र छात्राओं के प्रथम वर्ष की परीक्षा कराकर प्रथम वर्ष की मार्कशीट दी गयी है। उसके बाद डीपी एमआई काठगोदाम को संचालक आरोपी प्रकाश मेहरा जोकि उक्त संस्थान का प्रबन्ध निर्देशक है द्वारा फीस जमा न करने पर डीपी एमआई दिल्ली द्वाराडीपी एमआई काठगोदाम को फी डिफाल्टर घोषित कर कार्यक्रम बन्द कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2019 में कार्यक्रम बन्द होने के बाद भी आरोपी प्रकाश मेहरा द्वारा छात्राओं को अपने कॉलेज में लाखों रुपये की फीस लेकर दाखिला दिया गया व विवेचना से वर्ष 2019 के 37 व 2020 के 21 कुल 58 छात्र छात्राओं को फर्जी डिप्लोमा प्रदान किया जाना प्रकाश में आया। उन्होंने बताया कि आरोपी डॉ प्रकाश मेहरा (मैनेजिंग डायरैक्टर) पुत्र खुशाल सिंह मेहरा निवासी पूर्वी खेडा गौलापार, काठगोदाम हाल गिरजा विहार, कमलुगाजा, थाना मुखानी मूल निवासी ग्राम कैथी, थाना मुन्स्यारी जिला पिथौरागढ़ को पुलिस द्वारा कमलुवागाजा मुखानी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

### नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गदरपुर के गृहकर अभिलेखानुसार 07 में क्रमांक 153 पर गृहकर अभिलेखानुसार श्री गुरादित्ता मल पुत्र मेघराज का नाम अंकित है। गुरूदित्ता मल की दिनांक 18/03/2006 को मृत्यु हो चुकी है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री प्रेममोहन, श्री सुरेश मोहन वारिस हैं। श्री प्रेममोहन, श्री सुरेश मोहन पुत्र गुरुदित्ता मल के नाम से नामान्तरण कर गृहकर अंकित होना है। जिसकी पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में श्री प्रेममोहन, श्री सुरेश मोहन पुत्र गुरूदित्ता निवासी वार्ड नं0 07 गदरपुर ने अपने नाम से नामान्तरण कराने के लिये पत्रावली प्रस्तुत कर अनुरोध किया है। जोकि नामान्तरण के लिये प्रस्तावित है।उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद-मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**

## पति पर घर से नगदी,जेवर सहित पुत्री को ले जाने का आरोप

रूद्रपुर। एक महिला ने अपने पति पर अन्य महिला से विवाह रचाने के बाद घर से हजारों की नगदी, जेवरात तथा पुत्री को जबरन अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि निवेदन इस प्रकार है कि उसका पति के साथ प्रेम विवाह हुआ था। शादी के बाद एक पुत्री का जन्म हुआ और पुत्री के बाद वह नखुश रहने लगे और एक अन्य महिला से गैर कानूनी विवाह कर लिया। लगातार उसी के साथ निवास कर रहा है। 13 नवंबर को उसका पति उसके साथ मारपीट करने लगा, शोर शराबे की आबाज सुनकर पड़ोस के लोगो ने बचाया। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति घर में से 30 हजार रुपए नगद, सोने चांदी के जेबर व पुत्री आकांक्षा को अपने साथ लेकर बरेली चला गया। अगले दिनवाह अपने पति के निवास बरेली गयी तो उस महिला के परिजनों ने उसे बुरी तरह से मारापीटा, किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग गयी नहीं तो यह लोग मुझे जान से मार देते। इस सम्बंध में थाना बारादरी में सूचना दी परन्तु कोई कार्यवाही नही हुई। उसे अपनी पुत्री की जान का खतरा बना हुआ है।

## राहगीरों को बांटा दूध का प्रसाद

रुद्रपुर। श्री गुरुगोविंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों और माता गुजरी कौर के शहादत दिवस पर सरदार दर्शन सिंह गाबा के प्रतिष्ठान गुरुनानक इंटरप्राइजेज मेन बाजार में संगत के लिए दूध के प्रसाद का वितरण किया गया। सर्वसमाज के भले के लिए अरदास की गई व चार साहिबजादों मातागुजरकौर व गुरुतेगबहादुर जी व गुरुगोविंद सिंह जी को नमन किया। इस अवसर पर दर्शन सिंह गाबा, राजकुमार दुनेजा, जसबीर सिंह, नरेश कुमार सेठ, विरेन्द्र गुमर, नितिन सिडाना, रवि सिडाना, राजेंद्र अरोरा व प्रेमबाबू आदि थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# देश को खुशहाल बनायेगा विकसित भारत का संकल्प: धामी

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को गौसीकुआं लोहियाहेड में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'विकसित भारत संकल्प







यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत से संबंधित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुडे। कार्यक्रम के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां से लोगों की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं वहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी शुरू होती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की गाड़ी देश के हर कोने तक पहुंच रही है। एक महीने के अंतराल में ही विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों और शहरों, विशेषकर छोटे शहरों में पहुंच गई है। प्रधानमंत्री द्वारा देश के हजारों भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत के दौरान हरिद्वार के लाभार्थी गुरूदेव सिंह से भी बात कर कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, शहद उत्पादन के द्वारा आय के संसाधनों में वृद्धि पर ध्यान देने पर बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार के गरूदेव सिंह एक किसान हैं तथा मत्स्य पालन से जुड़े हैं, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर इस नवाचार के लिये हरिद्वार के किसान गुरूदेव सिंह की सराहना करना अन्य किसानों के लिये भी प्रेरणादयी बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का व्यापक अभियान चल रहा है, जोकि उम्मीदों का एक जीवंत कारवां है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए 'जनभागीदार' की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह देश की अब तक की सबसे बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा राज्य सरकार परिवार के सदस्य की भांति जनता की चिंता कम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर सभी को आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने में यह संकल्प बहुत काम आयेगा। उन्होंने सभी से विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है और एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं होती है, इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा होगा तब निश्चित ही हमारा देश विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनायेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसमें गरीबों के लिए संचालित सेवाओं के साथ कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए जन कल्याण हेतु चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, बीजेपी जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं पात्र लोग: भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर पार्क दमवाढुंगा मे आम जनता के लिए






बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य एवं पर्यटन विकास राज्य मंत्री एवम सांसद अजय भट्ट द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों से योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने को कहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से जनता को लाभ पहुँचाने के बारे मे जानकारी दी गई। शिविर मे आयुष्मान कार्ड एवं विभिन्न योजनाओं के फॉर्म भरे गए। योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए निवर्तमान महापौर डॉक्टर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला द्वारा सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट द्वारा सरकार की उपलब्धियां बताई गई तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने की अपील की गई। कार्यक्रम में दमवाढुंगा एवं आसपास के लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं योजनाओं क जानकारी प्राप्त की गई। कार्यक्रम में नगर आयुक्त नगर निगम पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती ऋचा सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेनू अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं मंडल के विभिन्न पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुसुम दिगारी जिलाध्यक्ष व उर्वशी महामंत्री मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। संगठन के नवमनोनित जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे द्वारा जिला महिला प्रकोष्ठ का गठन करते हुए कुसुम दिगारी को महिला जिला अध्यक्ष एवं उर्वशी बोरा को महिला जिला महामंत्री मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, मंत्री शांति जीना, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, चंद्रशेखर पंत, रूपेंद्र नागर , नवनीत राणा, हितेंद्र भसीन सहित सभी व्यापारियों ने बधाई दी। नवमनोनित महिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, महामंत्री उर्वशी बोरा ने पुनः विश्वास जताने पर जिला संगठन का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जाहिर की।





## शहादत दिवस पर दूध प्रसाद वितरित किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादों तथा माता गुजर कौर के शहादत दिवस पर गत सायं चार साहिबजादे सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने साथियों के साथ बाटा चौक स्थित महाराजा रणजीत सिंह पार्क के समक्ष राहगीरों को दूध का प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादों की कुर्बानी की स्मृति में वीर बालक दिवस मनाने का निर्णय




लिया है। श्री चुघ ने बताया कि सिख समाज के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहबजादों बाबा अजीत सिंह जी और बाबा जुझार सिंह जी धर्म की रक्षा की। उन्हें मुगल शासकों ने दीवार में चिनवाकर शहीद कर दिया। उन्होंने बताया कि साहबजादे बाबा जोरावर सिंह जी तथा बाबा फतेह सिंह जी मुगल फौजों से जंग के मैदान में सामना करते शहीद हो गए। लेकिन अपने धर्म पर आंच नहीं आने दी। उनके इस बलिदान से देश के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान उनके साथ नव्या चुघ, अमन ग्रोवर, सनी गिल, आकाश गोस्वामी, रोहित प्रजापति, बंटी विर्क, मनदीप गिल, हर्ष गिल, राजू ग्रोवर, सूरज ग्रोवर, जोगा सिंह, अमनदीप सिंह गिल, मनदीप सिंह, सौरभ सक्सेना, ऋतिक सक्सेना, नीतीश धीर, राज कोली, लखविंदर सिंघ, शीनू कोली, सन्नी पासवान, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

## दिन भर लंगर की सेवा कर मनाया शहीदी दिवस

गदरपुर(उद संवाददाता)। चार साहिब जादों की याद में श्रद्धालुओं द्वारा ग्राम जाफरपुर में मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले यात्रियों को दिनभर गुरु का लंगर एवं चाय प्रसाद वितरण करते हुए





अपनी सेवाएं प्रदान की गई ।राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर धार्मिक दीवान सजाए गए जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुद्वारा सिंह सभा धौलपुर के ग्रंथी भाई गुरमीत सिंह द्वारा गुरबाणी पाठ एवं अरदास के साथ करवाया गया । तत्पश्चात कवि श्री जत्था भाई दविंदर सिंह ताज द्वारा बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह,जोरावर सिंह, फतेह सिंह एवं माता गुज्जर कौर के अलावा अन्य शहीदों का इतिहास कविताओं के माध्यम से संगत को श्रवण कराया । केला खेड़ा के भाई करनैल सिंह द्वारा अपनी बुलंद आवाज से संगत को शहीदों की दास्तान सुनाते हुए चमकौर की जंग और सरहिंद के शहीदी साके से अवगत कराते हुए संगत को अपनी आंखें नम करने पर मजबूर कर दिया उन्होंने सभी संगत से शहीदों के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब जी की वाणी आत्मसात करने की अपील की ।सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर की इकाई के प्रचारक देवेंद्र सिंघ द्वारा बताया गया कि किस प्रकार साहिबजादों की शहादत का बदला लेने के लिए बाबा बंदा सिंह बहादुर ने सरहिंद को फतह कर जुल्म करने वाले वजीर खान को खत्म करके खालसा राज्य की स्थापना की थी । उन्होंने सभी संगत से गुरु के आदर्शों पर चलने तथा परिवार सहित श्री चमकौर साहिब एवं श्रीघ फतेहगढ़ साहिब सरहिंद की यात्रा करने का आह्वान किया उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर शहीदों के इतिहास को संगत के सम्मुख रखा । इस दौरान भारी गिनती में संगत एवं श्रद्धालुओं नेअपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए दिन भर गुरु के लंगर की सेवा की ।

## शहीदी दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

गदरपुर। शहीदी दिवस पर चार साहिबजादे चौक, प्रेमनगर मोड़ पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया । प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ संजीव सरना के द्वारा बताया कि शिविर में रूटीन टीकाकरण कार्य, आयुष्मान कार्ड बनाना, निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श, सिकल सेल एनीमिया एवम शुगर हेतु निशुल्क जांच एवं फिजिशियन द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जायेगा। शिविर में डॉ विकास सचान, अतीश कालरा,फार्मासिस्ट सुनीता सिंह एवम कंचन ज्योति, एएनएम, कृष्णा बाटला, आशा फेसिलेटर, सपना भद्र, दिव्या विश्वास , आशा ,रविन्द्र नेगी, एमएलएचपी जसवीर सिंह, दृष्टि मितिक आदि का सहयोग रहा। समाजसेवी एवं प्रबंधक कमेटी के सदस्यों रेशम सिंह, गुरजीत सिंह, हरदीप सिंह एवं कमेटी के सदस्यों ने समस्त टीम का इस पुनीत कार्य हेतु आभार प्रकट किया।

